**NEWS CLIPPING: 31.10.2018**

**PUNJBA KESARI**

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दें विद्यार्थी: डॉ. ग्रोवर



शपथ लेते हुए विद्यार्थी व कर्मचारी।

फरीदाबाद, 30 अक्तूबर (ब्यूरो ): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा 29 अक्तूबर से 3 नवम्बर तक मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में एनएचपीसी लिमिटेड के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजित किया गया।

इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय 'भ्रष्टाचार मिटाओ - नया भारत बनाओ' है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एनएचपीसी में मुख्य अभियंता (सतर्कता) एल.के. त्रिपाठी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन (इंस्टीट्यूशन्स) डॉ. संदीप ग्रोवर ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एच.के. त्रिपाठी ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार संबंधी गतिविधियों के प्रति लोगों को जागरूक बनाता तथा ऐसे मामलों की रिपोर्टिंग को लेकर शिक्षित करना है। कार्यक्रम को डॉ. संदीप ग्रोवर ने भी संबोधित किया तथा भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता लेने के लिए ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।


पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed, 31 October 2018
epaper.punjabkesari.in/c/3357995

**NEWS CLIPPING: 31.10.2018**

**PUNJAB KESARI (DELHI)**

# विद्यार्थियों को दिलवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ शपथ



**फरीदाबाद,** (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा 29 अक्तूबर से 3 नवम्बर तक मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में एनएचपीसी लिमिटेड के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजित किया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय भ्रष्टाचार मिटाओ . नया भारत बनाओ है इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एनएचपीसी में मुख्य अभियंता सतर्कता, एल के त्रिपाठी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन इंस्टीट्यूशन्स डॉ संदीप ग्रोवर ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एच के त्रिपाठी ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार संबंधी गतिविधियों के प्रति लोगों को जागरूक बनाता तथा ऐसे मामलों की रिपोर्टिंग को लेकर शिक्षित करना है। कार्यक्रम को डॉ संदीप ग्रोवर ने भी संबोधित किया तथा भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता लेने के लिए ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भ्रष्टचार मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। इस उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 100 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन शामिल है। भाषण प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार बीटेक आईटी की मेघना ने जीता जबकि बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स का चीम व बीटेक आईटी की ओशीन क्रमश: दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार, निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीटेक मैकेनिकल का आयुष कुमार सिन्हा विजेता रहा। बीटेक आईटी की दीपाली मिश्रा तथा दिशा हंत दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीटेक मैकेनिकल का तेजवीर राणा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। एमएससी कैमिस्ट्री की सरोजनी तथा स्वीटी ने क्रमश: दूसरा व तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने प्रमाण पत्र तथा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में निदेशक छात्र कल्याण डॉ प्रदीप डिमरी ने सत्यनिष्ठा व ईमानदारी की शपथ दिलाई। डा० सोनिया बंसल कार्यक्रम की संयोजक रही।

**NEWS CLIPPING: 31.10.2018**

**AMAR UJALA**

## भ्रष्टचार मुक्त भारत के निर्माण में योगदान दें विद्यार्थी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय, वाईएमसीए द्वारा 29 अक्तूबर से 3 नवंबर तक मनाए रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में एनएचपीसी लिमिटेड के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजित किया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय 'भ्रष्टाचार मिटाओ-नया भारत बनाओ' है। इस कार्यक्रम में एनएचपीसी में मुख्य अभियंता एचके त्रिपाठी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन डा. संदीप ग्रोवर ने की। अपने संबोधन में एचके त्रिपाठी ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार संबंधी गतिविधियों के प्रति लोगों को जागरूक बनाना और ऐसे मामलों की रिपोर्टिंग को लेकर शिक्षित करना है। डा. संदीप ग्रोवर ने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। ब्यूरो

**HINDUSTAN**

## मेघना भाषण प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रही

**फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता**

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 29 अक्तूबर से 3 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके दूसरे दिन एनएचपीसी की ओर से कई प्रतियोगिताएं कराई गई। इसमें करीब सौ से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

भाषण प्रतियोगिता में बीटेक (आईटी) की मेघना प्रथम स्थान पर रही। जबकि द्वितीय स्थान पर बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स) के चीम और तृतीय स्थान पर बीटेक (आईटी) की ओशीन रहे। इस मौके पर मुख्यअतिथि के रुप में एनएचपीसी में मुख्य अभियंता (सतर्कता) एलके त्रिपाठी मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन (इंस्टीट्यूशन्स) डॉ. संदीप ग्रोवर ने की। इसी प्रकार, निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीटेक (मैकेनिकल) के आयुष कुमार सिन्हा प्रथम स्थान पर रहे। जबकि बीटेक (आईटी) की दीपाली मिश्रा द्वितीय और दिशा हंत तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीटेक के तेजवीर राणा को प्रथम पुरस्कार दिया गया। जबकि एमएससी की सरोजनी द्वितीय और स्वीटी तृतीय स्थान पर रही। इस सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि ने प्रमाण पत्र तथा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर निदेशक छात्र कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी, डॉ. सोनिया बंसल सहित कई प्रोफेसर मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 31.10.2018**

**PIONEER**

# भाषण प्रतियोगिता में बीटेक की मेघना अव्वल



**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा 29 अक्तूबर से तीन नवम्बर तक मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में एनएचपीसी लिमिटेड के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजित किया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय 'भ्रष्टाचार मिटाओ–नया भारत बनाओ' है। इस उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 100 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन शामिल है।

भाषण प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार बीटेक (आईटी) की मेघना ने जीता, जबकि बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स) का चीम व बीटेक (आईटी) की ओशीन क्रमश: दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार, निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीटेक (मैकेनिकल) का आयुष कुमार सिन्हा विजेता रहा। बीटेक (आईटी) की दीपाली मिश्रा तथा दिशा हंत दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीटेक का तेजवीर राणा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।